## राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ 2 (ग) (एसीपी)/1981–III/अलेसे–I/7890-91 दिनांकः–05/01/2015

### कार्यालय आदेश संख्या 131/2014–15

राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक प.11(7)एफडी/रूल्स/2008/दिनांक 12.09.08 एवं दिनांक 06.10.08 एवं वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ–14 (88) एफडी(नियम) 2008–I दिनांक 31.12.09 के अनुसरण में श्री रविन्द्रपाल शर्मा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I जिनकी जन्मतिथि 22.11.1954 है तथा जिन्होंने कनिष्ठ लेखाकार के पद पर सीधी भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण कर दिनांक 17.07.1982 को कार्यग्रहण किया था। श्री शर्मा ने 27 वर्ष की निरन्तर राजकीय सेवा दिनांक 17.07.2009 को पूर्ण कर ली है। श्री शर्मा के विरूद्ध सी.सी.ए. नियम–16 के अन्तर्गत जारी कार्मिक (क–3/जांच) विभाग के ज्ञापन दिनांक 29.10.2005 के क्रम में कार्मिक (क–3/जांच) विभाग के आदेश दिनांक 18.05.2012 के द्वारा 3 वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया है। अतः श्री शर्मा को दिनांक 17.07.2009 के स्थान पर 1 वर्ष देरी से दिनांक 17.07.2010 से कनिष्ठ लेखाकार के पद का तृतीय आश्वासित कैरियर प्रगति (ए.सी.पी.) पी.बी.–2, (9300–34800) ग्रेड पे 4800 मे स्वीकृत किया जाता है एवं वित्त विभाग (नियम अनुभाग) के पत्रांक प.14 (88) वित्त (नियम) 2008 जयपुर, दिनांक 05.07.2013 के अनुसरण मे दिनांक 01.07.2013 से ग्रेड–पे 5400 स्वीकृत किया जाता है।

श्री रविन्द्रपाल शर्मा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन एवं वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ. 14 (88) एफडी (नियम) 2008–I दिनांक 31.12.09 में दी हुई शर्तो के सम्बन्ध में संतोषजनक सेवा सम्बन्धी प्रमाण पत्र व सन्तान सम्बन्धी घोषणा प्राप्ति के आधार पर ए.सी.पी. स्वीकृत किया जाता है।

श्री रविन्द्रपाल शर्मा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I का वेतन निर्धारण वित्त विभाग के उक्त आदेश दिनांक 12.09.2008 के पैरा 19, आदेश दिनांक 06.10.2008 एवं एफ–14(88)एफडी(नियम) 2008–I दिनांक 31.12.09 के अनुसार सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा निर्धारित किया जावेगा। इस स्वीकृति व वेतन निर्धारण की प्रविष्टि आवश्यक रूप से सम्बन्धित सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I की सेवापुस्तिका में की जावे। वेतन निर्धारण से पूर्व सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जावे कि सम्बन्धित सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I ए.सी.पी. स्वीकृत तिथि को राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतनमान) 2008 में ग्रेड पे 4200/– प्राप्त कर रहे है।

(भास्कर शर्मा)
निदेशक

क्रमांकः– एफ 2 (ग) (एसीपी)/1981–III/अलेसे–I/7890-91 दिनांकः–05/01/2015
प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. कार्यालय उपवन संरक्षक, नयापुरा सिविल लाईन्स, कोटा।
2. श्री रविन्द्रपाल शर्मा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, कार्यालय उपवन संरक्षक, नयापुरा सिविल लाईन्स, कोटा।
3. वरिष्ठ निजी सहायक निदेशक महोदय।
4. निजी पत्रावली/गार्ड फाईल/कम्प्यूटर अनुभाग (वेबसाईट हेतु)।

(के.एम.मीणा)